# महागठबंधन चाहता है जंगलराज : शिवराज

**बैकुंठपुर 24 अक्टूबर . केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को बिहार में जनसभाएं कीं. उन्होंने गोपालगंज जिले की बैकुंठपुर विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी के समर्थन में और दरभंगा जिले की गौराबौराम विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सुजीत कुमार सिंह के समर्थन में सभा को संबोधित किया.**

इस दौरान शिवराज सिंह ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार का चुनाव साधारण चुनाव नहीं है ये धर्म और अधर्म के बीच लड़ाई है. यहां आरजेडी की सरकार में अपराधी खुलेआम घूमते थे, जंगलराज में आम जनता की जिंदगी सुरक्षित नहीं थी और आज



भी आरजेडी और महागठबंधन बदला नहीं है.

केन्द्रीय मंत्री ने महागठबंधन और आरजेडी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि, आरजेडी और महागठबंधन अभी भी बदले नहीं हैं, शहाबुद्दीन के बेटे को टिकट देकर उन्होंने अपना असली चेहरा दिखा दिया है. उन्होंने आरजेडी का फुल फॉर्म बताते हुए कहा कि, आरजेडी का मतलब आर- रंगबाज, जे- जंगलराज, डी- डकैती है. कहा कि, महागठबंधन वाले बिहार को फिर उसी अंधेरे दौर में ले जाना चाहते हैं, जब राज्य में अपराध और गुंडागर्दी का बोलबाला था.

उन्होंने कहा महागठबंधन वाले बिहार में फिर से खून की नदियां बहाना चाहते हैं. क्या हाल किया था तुमने बिहार का माफिया, अपराधी, गुंडे, बदमाश, आम आदमी की जिंदगी दूभर हो गई थी. वो चाहते हैं जंगलराज, लेकिन एनडीए चाहता है मंगलराज जहाँ जनता का मंगल और कल्याण हो.

### राहुल-तेजस्वी के आधे बाराती जेल में हैं

शिवराज सिंह ने कहा कि यूपीए की सरकार याद करो, जब लालू जी रेल मंत्री हुआ करते थे, उस समय नौकरी के बदले जमीन ली जाती थी . अब वही लोग कह रहे हैं कि हर घर में नौकरी देंगे . ये पब्लिक है, सब जानती है . उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ऐसे बाराती हैं जिनकी आधी बारात जेल में हैं और आधी बेल पर हैं . पहले ही इनकी लूट की है अब बच नहीं सकते . उन्होंने कहा कि देश में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सम्मान पा रहा है . लेकिन कभी भारत का दुनिया में मान-सम्मान नहीं था, लेकिन आज मोदी जी के नेतृत्व में एक वैभवशाली, गौरवशाली, सम्पन्न, शक्तिशाली, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण हो रहा है . केन्द्रीय मंत्री ने जनता से अपील करते हुए कहा कि वो जंगलराज नहीं बल्कि मंगलराज के पक्ष में मतदान करें और बिहार को विकास की राह पर बनाए रखें .

# प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंसा यात्री, घायल

## नैनपुर रेलवे स्टेशन पर चलती इंटरसिटी में चढ़ते समय हादसा

**नैनपुर 24 अक्टूबर नभाप्र. मंडला जिले के नैनपुर रेलवे स्टेशन में शुक्रवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा उस समय टल गया, जब चलती इंटरसिटी एक्सप्रेस में चढ़ने का प्रयास कर रहे एक यात्री का पैर फिसल गया और वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया.**

मौके पर ड्यूटी पर मौजूद कमर्शियल इंस्पेक्टर किशोर समुन्द्रे की तत्परता और बहादुरी से यात्री की जान बचाई जा सकी. बताया गया कि यह घटना सुबह करीब 8 बजे की है. जब लखनादौन निवासी देवेंद्र डहरिया जो मंडला न्यायालय में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं, जबलपुर से रायपुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस पकडने के लिए स्टेशन



पहुंचे थे. बताया गया कि जैसे ही वह प्लेटफॉर्म पर पहुंचे, ट्रेन चलने लगी. जल्दबाजी में ट्रेन में चढने के प्रयास के दौरान उनका पैर फिसल गया और वे ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच की खतरनाक जगह में गिर गए. प्लेटफॉर्म पर टिकटों की जांच कर रहे कमर्शियल इंस्पेक्टर किशोर समुन्द्रे ने यह दुर्घटना होते हुए देख लिया. उन्होंने बिना समय गंवाए तुरंत दौड़कर यात्री को पकड़ लिया. यात्री को बाहर खींचने के प्रयास में इंस्पेक्टर स्वयं भी प्लेटफॉर्म पर कुछ दूर तक घिसट गए. इंस्पेक्टर की त्वरित कार्रवाई और अन्य यात्रियों की मदद से देवेंद्र डहरिया को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. इस घटना के कारण ट्रेन भी तत्काल रुक गई और एक बड़ा हादसा टल गया. दुर्घटना में यात्री देवेंद्र डहरिया के पैरों में गंभीर चोटें आई हैं. उन्हें तुरंत नैनपुर सिविल अस्पताल ले जाया गया. बीएमओ डॉ. चावला ने बताया कि देवेंद्र डहरिया को खरोंचों के साथ पैरों में गंभीर चोटें आई हैं.

## पुनासा एसडीएम कार्यालय में चोरी

**खंडवा.** पुनासा के एसडीएम कार्यालय में राखी 45 हजार रुपए की 9 एमरान बैटरी चोरी हो गईं. पुलिस इसलिए परेशान थी कग चोरी एसडीएम कार्यालय में हुई है. जिले की महत्वपूर्ण मिशनरी के रूप में वर्दीवाले लग गए. आसपास के एरिया में सीसीटीवी खंगाले गए. एक निजी व्यक्ति के कैमरे में यह हरकत कैद हो गई. पुलिस ने अतुल देवड़ा नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया. वह पुनासा का ही रहने वाला है. एक अन्य व्यक्ति जो देवड़ा लिखता है. वह फरार हो गया. पुलिस ने पुनासा न्यायालय में अतुल देवड़ा को पेश किया, जहां से उसे जमानत मिल गई. एक अन्य व्यक्ति की तलाश जारी है.

# उपचार के दौरान युवक की मौत पर हुआ बवाल

### मर्चुरी के सामने सड़क पर शव रखकर किया हंगामा

नवभारत न्यूज

**सीधी 24 अक्टूबर. उपचार के दौरान जिला अस्पताल में युवक की मौत पर आज बवाल मचा. आक्रोशित परिजनों ने शव को सडक़ पर रखकर चक्काजाम किया. सुकवारी निवासी युवक को बुखार एवं सर्दी-जुखाम के इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था.**

मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने मर्चुरी के सामने सडक़ पर शव रखकर हंगामा किया. आक्रोशित लोगों ने जिला अस्पताल की मर्चुरी के सामने



### शिवसेना ने दी आंदोलन की चेतावनी

शिवसेना के कार्यकर्ता अजय साकेत की मौत की खबर मिलते ही जिला अस्पताल में शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और उनके द्वारा परिजनों से चर्चा के पश्चात डॉक्टरों की लापरवाही पर आक्रोश जताया. श्री पाण्डेय का कहना था कि यह घटना जिला अस्पताल की निष्ठुरता का जिंदा सबूत है. रात में जिम्मेदार डॉक्टर अनुपस्थित थे और गलत इंजेक्शन से एक परिवार की खुशियां उजड़ गई. उनका कहना था कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो शिवसेना सडक़ों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी.
उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती हुए अजय साकेत को पैरासिटामोल और चार इंजेक्शन बताए गए थे.

# 24 घंटे में मुख्य आरोपियों को किया गिरफ्तार

## भानपुरा तहसील के करमदीखेड़ा में युवक की हत्या का मामला

**भानपुरा. भानपुरा तहसील के ग्राम करमदीखेड़ा में बुधवार देर रात हुई युवक शंभू सिंह पिता तूफान सिंह ( 40 वर्ष ) की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

मिली जानकारी के अनुसार, 22 और 23 अक्टूबर की मध्यरात्रि में आपसी कहासुनी और गाली-गलौज के दौरान शंभू सिंह की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई,



जबकि उसका साथी कमलेश मेघवाल गंभीर रूप से घायल हो गया. हत्या को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया.

उन्होंने नीमच-भोपाल हाईवे पर करीब आठ घंटे तक चक्का जाम किया. पुलिस के उच्च अधिकारियों — एडिशनल एसपी हेमलता कुरील, एसडीओपी और थाना प्रभारी रमेशचंद दांगी द्वारा उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया. पुलिस ने जांच के बाद हत्या के मुख्य आरोपी धनराज पिता श्यामलाल मीणा (45) एवं अरुण पिता बजरंग मीणा (30), दोनों निवासी मोखमपुरा, को राजस्थान के रामगंजमंडी से गिरफ्तार किया.

> थाना प्रभारी रमेशचंद दांगी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में हत्या का कारण यह सामने आया कि आरोपी धनराज अपनी पिकअप वाहन से जा रहा था. इसी दौरान मृतक शंभू सिंह और उसका साथी, जो शराब के नशे में थे, ने वाहन रोककर गाली-गलौज और मारपीट की. इसके बाद आरोपी वहां से निकल गया और कुछ देर बाद साथियों को लेकर लौटकर मृतक के घर पहुंचा तथा लाठी-डंडों से हमला कर दिया. घटना की सूचना घायल साथी कमलेश मेघवाल ने पुलिस को दी.

# पुलिस ने लूट की वारदात का किया खुलासा

## तीन आरोपी गिरफ्तार, नकदी एवं हथियार जब्त

**सीधी. मड़वास पुलिस ने बड़ी कार्यवाही में लूट की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर नगदी एवं हथियार जप्त किया.**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, एसडीओपी चुरहट/ कुसमी आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मड़वास उप निरीक्षक भूपेश बैस के नेतृत्व में मड़वास पुलिस ने मात्र कुछ दिनों में लूट की वारदात का पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है.

पुलिस ने लूटी गई राशि में से 22 हजार 200 नगद, घटना में प्रयुक्त डंडा, चाकू तथा एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल कीमती लगभग 55 हजार जप्त की है. शेष राशि आरोपियों द्वारा खर्च करना बताया गया. आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही जारी है.

पुलिस के अनुसार दिनांक 24 सितंबर 2025 को फरियादी सातेश्वर प्रसाद गुप्ता पिता घुरऊ प्रसाद गुप्ता उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम टिकरी थाना मड़वास ने रिपोर्ट दी कि वे अपनी किराना एवं बर्तन की दुकान से 2 लाख 52 हजार लेकर सीधी रामजी सोनी बर्तन व्यापारी को भुगतान हेतु मोटरसाइकिल से जा रहे थे.

> ### पुलिस की तत्परता से खुलासा
> पुलिस विवेचना के दौरान 3 संदेहियों को दस्तयाब कर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपना जुर्म स्वीकार किया. आरोपियों के कब्जे से लूटी गई रकम में से 22 हजार 200 रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त डंडा, चाकू एवं मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस जप्त की गई .आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट बनते ही आरोपियों को जेल दाखिल किया गया . कार्यवाही में योगदान देने वाले अधिकारी/कर्मचारियों में उप निरीक्षक भूपेश बैस, थाना प्रभारी मड़वास, हमराह पुलिस स्टाफ शामिल रहे .

# बगैर पंजीयन चल रही थी जीवन ज्योति क्लीनिक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 अक्टूबर, छिंदवाड़ा में कफ सिरप से हुई बच्चो की मौत के बाद पूरे प्रदेश के साथ रीवा में भी स्वास्थ्य महकमे की नींद टूट चुकी है. शहर के अंदर बगैर पंजीयन के एक क्लीनिक चल रही थी और डाक्टर साहब बकायदे उपचार भी कर रहे थे.**

शुक्रवार को सीएमएचओ मौके पर टीम के साथ पहुंचे और क्लीनिक को सील कर दिया है. इतना ही नही दवाएं भी जप्त की गई है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक ढ़ेकहा स्थित बद्रिका काम्पलेक्स में जीवन ज्योति क्लीनिक चल रही थी. जहा बीएएमएस डा. संतोष शुक्ला मरीजो का उपचार कर रहे थे. क्लीनिक का कोई पंजीयन नही था फिर भी क्लीनिक चल रही थी और डाक्टर एलोपैथिक दवाएं दे रहे थे. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. संजीव शुक्ला शुक्रवार को जीवन ज्योति क्लीनिक पहुंचे और जांच की. जहा क्लीनिक का कोई पंजीयन नही पाया गया और बीएएमएस के डाक्टर होने के बावजूद एलोपैथिक दवा दे रहे थे. टीम द्वारा क्लीनिक को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया है और कुछ दवाएं भी जप्त की गई. जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी. सीएमएचओ डा. संजीव शुक्ला ने बताया कि जीवन ज्योति क्लीनिक का पंजीयन नही था.

# सोना और चांदी के साथ किराएदार गिरफ्तार

**जबलपुर. गोरखपुर थाना अंतर्गत पूर्व मकान मालकिन के घर चोरी करने वाला पुराना किराएदार निखिल सेठिया पिता शंकर सेठिया 23 वर्ष निवासी कोटवारा पारा सोना गॉव जिला कोंडा छत्तीसगढ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से चुराये हुये नगद 61 हजार रूपये सहित 30 तोला सोने एवं 715 ग्राम चांदी के जेवर कुल कीमती 41 लाख रूपये के जेवर जप्त किए गए.**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला ने आज खुलासा करते हुए बताया कि 21 अक्टूबर की रात श्रीमति लक्ष्मी शर्मा 77 वर्ष निवासी इंद्रा स्कूल के पास गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि वह इंद्रा हाईस्कूल की डायरैक्टर है, घर में ही उसका आफिस है,19 अक्टूबर की रात्रि 10 बजे सो गये थे. सुबह 6-30 बजे उठी तो चोरी का पता लगा था. चोर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रूपये चुरा ले गया.



> तकनीकी साक्ष्यों एवं मिले फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान निखिल सेठ के रूप में हुई जो ग्राम कोंडा जिला कोंडा छत्तीसगढ का रहने वाला था . लक्ष्मी शर्मा के यहॉ पूर्व में किराये से रहता था, एवं 3 माह पूर्व मकान खालीकर खालसा कालेज के पास किराये से रहने लगा है . इसके बाद उसकी धरपकड़ शुरू की गई .



# एसपी ने जनरल परेड का किया निरीक्षण

**जबलपुर. पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा पुलिस लाईन्स स्थित परेड ग्राउंड जनरल परेड का निरीक्षण किया गया. परेड ग्राउंड पहुंचने पर रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य द्वारा सलामी दी गयी, तत्पश्चात परेड प्रारम्भ हुई.**

जनरल परेड के बाद एसपी द्वारा परेड पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों का निरीक्षण करते हुये अच्छे टर्नाउट वाले कर्मचारियों को पुरूस्कृत किया गया. इसके बाद प्लाटूनों द्वारा की गयी अलग-अलग ड्रिल एवं यातायात प्लाटून द्वारा की गयी मैनुअल यातायात संकेत ड्रिल को देखा गया. परेड पश्चात पुलिस लाईन कार्यालय पहुंचे जहॉ क्वाटरगार्ड में क्वाटर गार्ड कमांडर सूबेदार अश्वनी पटेल एवं कर्मचारियों द्वारा सलामी दी गयी.

## जैन बंधुओं के सहयोग से मिली गुमशुदा महिला

**बड़वानी.** डोंगर सिंह चौहान निवासी सालखेड़ा नानपूर थाना जिला आलीराजपुर से 2 अक्टूबर को पत्नि को ढुंढते हुए बड़वानी आए थे. यहां सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन से पत्नि को ढूढने के लिए मदद मांगी. उन्होंने बताया कि पत्नी 3 माह पहले घर से बिना बताए निकली थी. अजित जैन एवं रोटरी क्लब के सचिव ललित जैन ने सोशल मीडिया पर महिला की फोटो और डिटेल शेयर की. गुरुवार को पप्पु केवट ने उक्त महिला को कसरावद पुल पर देखकर अजित जैन को सूचना दी. जैन और आकाश केपिटल शर्मा तत्काल वहां पहुंचे और वृद्ध महिला को गाड़ी पर बैठाकर नगरपालिका के दीनदयाल रेन बसेरे में रुकवाया और भोजन कराया.

# सरकारी धान गायब पाए जाने का हुआ खुलासा

**( बालाघाट ). जिले के कस्टम मिलिंग संचालन की जांच में 23,808 क्विंटल सरकारी धान गायब पाए जाने का खुलासा हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5.47 करोड़ रुपये बताई जा रही है।**

प्रशासन के निर्देश पर खाद्य व राजस्व टीम ने भौतिक सत्यापन किया और गायब मात्रा के आधार पर तीन राइस मिलर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है. जांच में कहा गया है कि सांविधिक रिकॉर्ड और भौतिक स्टॉक में भारी अंतर पाया गया, जिसके कारण शासन को आर्थिक क्षति हुई है। जिला अधिकारी द्वारा बताया गया है कि प्रभावित मिलों पर कार्रवाई की गई है और मामले की विस्तृत छानबीन चल रही है; दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## परिषद की साधारण सभा में जोरदार हंगामा

**(बीना) .** बीना नगर पालिका परिषद की साधारण सभा में शुक्रवार को जोरदार हंगामा हुआ जब एजेंडे में स्थानीय नगरीय विकास से जुड़े मुद्दे नहीं डाले गए। विपक्षी पार्षदों ने सार्वजनिक शौचालय निर्माण, सफाई व्यवस्था और अन्य स्थानीय विकास कार्यों को प्राथमिकता न दिए जाने पर बैठक में विरोध दर्ज कराया।

# ख्वाजा खानून की 600 साल पुरानी गद्दी सजी

**उर्स मेला**

## कब्बाली की मजलिस के बाद चादर हुई पेश

**ग्वालियर। हजरत ख्वाजा खानून के 507 वें उर्स शरीफ में गत दिवस गद्दी की खास मेहफिल हुई। रूहानी नजरिए से यह उर्स का सबसे खास दिन माना जाता है। इस रोज दरगाह के समाखाने में ख्वाजा खानून की छै सौ साल पुरानी गद्दी सजाई जाती है।**

मान्यता है कि इस रोज जो सच्चे मन से हाज़िरी लगाते हैं उनकी मुरादें ज़रूर पूरी होती हैं। गद्दी की मेहफिल में सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा राशिद खानूनी अपनी परम्परागत पोशाक में समाखाने में सजी गद्दी पर विराजे।इस मौके पर हैदराबाद तेलंगाना से तशरीफ़ लाए कुल हिन्द मरकजी मजलिस अहले सुन्नत उल जमात के नायब सदर जनाव मौहम्मद मुजीब कादरी, उज्जैन से तशरीफ़ लाए सूफी आरिफ रिजबी और स्थानीय गद्दीनशीन विशेष रूप से मौजूद रहे।

ख्वाजा के उर्स के सातवें दिन आज 25 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से ख्वाजा साहब की गद्दी लगेगी और कब्बाली की मजलिस होगी। अकीदतमंदों से शिरकत करने की गुजारिश की गई है।

> कब्बाली की मजलिस का आगाज दरगाह की पगड़ी वन्द कब्बाल चौकी जनाब सलीम झंकार और फरीद खानूनी और कब्बाल पार्टियों ने परम्परागत कौल पेश कर किया। इसके बाद देर शाम तक कब्बाल पार्टी मौहम्मद अशफाक, मौहम्मद फरीद बच्चा पार्टी, मौहम्मद अली, उम्र दराज मासूमी, मक़बूल साबरी,भोलू भाई, एजाज मासूमी यूसुफ नियाजी,फरीद खानूनी और सलीम झंकार पार्टी ने अपने कलाम पेश किए। सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा राशिद खानूनी की विशेष दुआ के बाद चादर पेश की गई ।आखिर में ख्वाजा की पसंद परम्परागत बेसनी रोटी और खिचड़ी का तबर्रुक तकसीम किया गया।

**कारनामा** | सोने की चैन और अंगूठी की पुड़िया फेंक गए

# नकली पुलिसकर्मी बन आभूषण ठगने वाले ईरानी गैंग के सदस्य

### एसपी ने प्रेसवार्ता में किया खुलासा,सीसीटीवी फुटेज नजर आए

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** नकली पुलिस बनकर सोने की चैन और अंगूठी लूटने वाले आरोपियों का सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने पीछा किया, मगर पुलिस उन्हें पकड़ने में कामयाब नहीं हुई। पुलिस को पीछे आते देख मोटरसाइकिल से भाग रहे आरोपियों ने कागज की पुड़िया फेंकते हुए कहा हम तुम्हारा सामान लौटा रहे हैं, पीछा मत करो। सोने की चैन और अंगूठी की पुड़िया फेंक गए। जिसकी कीमत साढ़े तीन लाख से अधिक है। पुलिस आरोपियों की



तलाश में राजधानी की ओर गई है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 22 अक्टूबर को सुबह सैलाना निवासी सुशील शर्मा मंदिर में दर्शन करने गए थे। लौटते समय रुद्र पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर दो व्यक्ति पुलिस की वर्दी में मिले, उन्होंने रोका। श्री शर्मा से अंगूठी और चैन उतरवा कर पुड़िया बनाई। दूसरी पुड़िया थमा कर चले गए। श्री शर्मा ने जब पुड़िया खोली तो उसमें नकली चैन व अंगूठी निकली। श्री शर्मा ने घटना की रिपोर्ट पर थाना सैलाना में अपराध क्रमांक 492/25 धारा 318 भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएस) का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। लुटेरे उनकी लगभग 3 तोला सोने की चैन व अंगूठी (कीमत लगभग 3 लाख 60,000) लेकर फरार हो गए। एसपी द्वारा टीआई पिंकी अजनार एवं निरीक्षक सुरेंद्र गडरिया के नेतृत्व में गठित टीम की। टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पेट्रोल पंपों के कैमरों में दो संदिग्ध व्यक्तियों को बाईक पर जाते देखा गया। टीम ने उनका पीछा करते हुए जावरा से हुसैन टेकरी मार्ग तक ट्रेस किया।

### पुड़िया फेंककर भाग गए लुटेरे

पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर बदमाशों ने एक कागज की पुड़िया फेंकते हुए कहा हम तुम्हारा सामान लौटा रहे हैं, पीछा मत करो। पुलिस द्वारा पुड़िया उठाकर जांच की गई जिसमें एक सोने की चैन और अंगूठी बरामद हुई। थाना लाकर फरियादी को बुलाया गया, जिन्होंने अपने सोने के आभूषणों की सुनिश्चित पहचान की। पंचनामा बनाकर आभूषणों को जब्त किया गया। मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-04-वायडी-2092, जिसका मालिक सईद पिता रईस खान निवासी कोहेफीजा, नशेमन गार्डन, भोपाल पाया गया। वाहन मालिक एवं संभावित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम भोपाल रवाना की गई है।

## स्वच्छता और नशामुक्ति के लिए 25 को होगा सुंदरकांड पाठ

**ग्वालियर।** ग्वालियर उपनगर में स्वच्छता और नशामुक्ति का संदेश देने के लिए के 26 अक्टूबर रविवार को सुबह 8 बजे पुरानी पुलिस चौकी शिंदे की छावनी से मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है. इस मिनी मैराथन दौड़ का समापन मार्कण्डेयश्वर महादेव मंदिर फूलबाग पर होगा। ग्वालियर को स्वच्छ हरा-भरा और नशा मुक्त बनाने के लिए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यह मिनी मैराथन आयोजित की गई है। इस मैराथन में शामिल होने के लिए सामाजिक, व्यापारिक, शैक्षणिक, खेल, और संगठनों के साथ-साथ महानगर के प्रबुद्ध जन से आग्रह किया गया है।

# भावांतर भुगतान योजना से कृषि उपज मंडी में खरीदी हुई शुरू

नवभारत न्यूज

**खंडवा। कृषि उपज मंडी खंडवा में शुक्रवार को प्रदेश सरकार की किसान हितैषी भावांतर भुगतान योजना का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में हुआ।**

इस अवसर पर कृषक कत्थालाल मानसिंह, निवासी बिलनखेड़ी का 24 क्विंटल सोयाबीन पंजीकृत फर्म सिंगाजी ट्रेडर्स द्वारा 4351 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा गया . कार्यक्रम का शुभारंभ मां लक्ष्मीजी के पूजन से हुआ। कार्यक्रम में मंडी के भारसाधक अधिकारी ऋषि कुमार सिंघई और मंडी सचिव ओपी खेड़े भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में क्रेता विक्रेता एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, सचिव अतुल अग्रवाल सहित अन्य व्यापारी, मंडी कर्मचारी, हम्माल एवं तुलावटी बंधु भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आशीष भंसाली ने किया। मंडी सचिव ओपी खेड़े ने बताया कि कलेक्टर ने मंडी परिसर में निर्माणाधीन रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का भी निरीक्षण किया। मंडी परिसर में क्रेता विक्रेता एसोसिएशन अनाज तिलहन संघ द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन तथा नवीन अनाज खरीदी कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया ।